**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 22.02.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# प्रफेशनल स्किल विकसित करने के लिए मार्केटिंग क्लब का शुभारंभ



**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के प्रबंधन अध्यक्ष विभाग ने मार्केटिंग क्लब का शुभारंभ किया है। इस क्लब को एल-मार्क नाम दिया गया है। छात्रों को बिजनेस व इंडस्ट्री इवेंट्स के माध्यम से अपनी प्रोफेशनल स्किल्स विकसित करने के मौके मिल सकें, इस उद्देश्य से यह क्लब बनाया गया है। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश ने इस क्लब का शुभारंभ किया। कुलपति ने कहा कि क्लब का उद्देश्य उन छात्रों के लिए एक मंच प्रदान करना है, जो मार्केटिंग के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक हैं। क्लब के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के मार्केटिंग कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट्स, व्याख्यान व नेटवर्किंग इवेंट नियमित रूप से कराए जाएंगे। कार्यक्रम में थाईलैंड कवाबाग लिमिटेड के सीईओ व इंटरनल रिर्सोसेज ग्रुप के प्रबंध निदेशक अनिल सहरावत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग, डीन ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज डॉ. अरविंद गुप्ता, विभागाध्यक्षा डॉ. आशुतोष निगम व डॉ. सुरेश बेदी भी मौजूद थे।

**NEWS CLIPPING: 22.02.2020**

**PUNJAB KESARI**

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में मार्केटिंग क्लब 'एल-मार्क' का शुभारंभ

फरीदाबाद, 21 फरवरी (पूजा शर्मा): विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के बिजनेस तथा इंडस्ट्री इवेंट्स के माध्यम से अपनी प्रोफेशनल स्किल विकसित करने के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा मार्केटिंग क्लब 'एल-मार्क' का शुभारंभ किया है।



*मार्केटिंग क्लब 'एल-मार्क' का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।(छाया: एस शर्मा)*

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में आधिकारिक रूप से क्लब का शुभारंभ किया। क्लब का उद्देश्य उन विद्यार्थियों के लिए एक मंच प्रदान करना है जो मार्केटिंग के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक है। क्लब के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के मार्केटिंग कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट्स, आमंत्रित व्याख्यान तथा नेटवर्किंग इवेंट इत्यादि पर योजनाबद्ध काम किया जायेगा। कार्यक्रम में थाईलैंड की वाबाग लिमिटेड के सीईओ और इटरनल रिर्सोसेज ग्रुप के प्रबंध निदेशक अनिल सहरावत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग, डीन ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज डॉ. अरविंद गुप्ता, विभागाध्यक्षा डॉ. आशुतोष निगम और डॉ. सुरेश बेदी भी मौजूद थे।

विभाग द्वारा की गई पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रो. दिनेश कुमार ने क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप पेशेवर कौशल विकसित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर बोलते हुए अनिल सहरावत ने कहा कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में ऐसी गतिविधियों में ज्यादा से ज्यादा शामिल होना चाहिए, जो उन्हें उद्योग के लिए तैयार होने में मदद कर सकती हैं।

इससे पहले, डॉ. आशुतोष निगम ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि क्लब विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मददगार होगा तथा उन्हें औद्योगिक जगत की नवीनतम जानकारियों से अवगत करवायेगा। कार्यक्रम को डॉ. अरविंद गुप्ता ने भी संबोधित किया।

क्लब की समन्वयक डॉ. गुंजन गुम्बर ने बताया कि क्लब एल मार्क विद्यार्थियों द्वारा संचालित है और 3सी - यानी कम्पीटिशन, क्रिएटिविटी और कॉन्फिडेंस पर केंद्रित है। क्लब समय-समय केस स्टडी कंपीटिशन, ऑनलाइन क्विज, लाइव प्रोजेक्ट्स और रिसर्च पेपर प्रस्तुतियों सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। क्लब के सह-समन्वयक श्री विकास कुमार ने क्लब के उद्घाटन कार्यक्रम में मैक 20 इवेंट का संक्षिप्त परिचय दिया।मैक 20 में, क्लब ने पांच प्रतियोगिताओं केस स्टडी प्रतियोगिता, लाइव प्रोजेक्ट, एडी एमएडी शो, टर्न कोट डिबेट और पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, अरावली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, डीएवी सेंटेनरी कॉलेज, मानव रचना इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च, अग्रवाल कॉलेज, पं. जवाहर लाल नेहरू कॉलेज और डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट सहित विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से कुल 150 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

ऋषि पब्लिशर्स नॉलेज के सहयोग से आयोजित केस-स्टडी प्रतियोगिता में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन की टीम ने प्रतियोगिता जीती। लुनब्लेज द्वारा प्रायोजित लाइव प्रोजेक्ट में नेहरू कॉलेज की टीम विजेता रही।

यूड लीफ द्वारा प्रायोजित एड मैड शो में डीएवी सेंटेनरी कॉलेज से टीम विजेता रही। टर्नकोट प्रतियोगिता में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय की टीम विजेता रही। पोस्टर प्रतियोगिता में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की टीम विजेता रही।


पंजाब केसरी ई-पेपर Sat, 22 February 2020
https://epaper.punjabkesari.in/c/49317283

**NEWS CLIPPING: 22.02.2020**

## PUNJAB KESARI .COM

# कौशल विकसित करें विद्यार्थी



**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी): विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के बिजनेस तथा इंडस्ट्री इवेंट्स के माध्यम से अपनी प्रोफेशनल स्किल विकसित करने के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के प्रबंधन अध्ययन विभाग द्वारा मार्केटिंग क्लब 'एल-मार्क' का शुभारंभ किया है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में आधिकारिक रूप से क्लब का शुभारंभ किया। क्लब का उद्देश्य उन विद्यार्थियों के लिए एक मंच प्रदान करना है जो मार्केटिंग के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक है। क्लब के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के मार्केटिंग कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट्स, आमंत्रित व्याख्यान तथा नेटवर्किंग इवेंट इत्यादि पर योजनाबद्ध काम किया जायेगा। कार्यक्रम में थाईलैंड की वाबाग लिमिटेड के सीईओ और इटरनल रिर्सोसेज ग्रुप के प्रबंध निदेशक अनिल सहरावत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग, डीन ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज डॉ. अरविंद गुप्ता, विभागाध्यक्षा डॉ. आशुतोष निगम और डॉ. सुरेश बेदी भी मौजूद थे।

पंजाब केसरी Sat, 22 February 2020 mpaper.punjabkesari.com/c/4

**NEWS CLIPPING: 22.02.2020**

**HINDUSTAN**

# केस स्टडी में जेसी बोस विवि प्रथम

## प्रतियोगिता

फरीदाबाद | **वरिष्ठ संवाददाता**

वाईएमसीए में बिजनेस और इंडस्ट्री इवेंट्स के माध्यम से अपनी प्रोफेशनल स्किल विकसित करने को लेकर प्रबंधन अध्ययन विभाग की ओर से मार्केटिंग क्लब एल-मार्क का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान केस स्टडी प्रतियोगिता, लाइव प्रोजेक्ट, एडी एमएडी शो, टर्न कोट डिबेट और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विश्वविद्यालय के 150 छात्रों ने हिस्सा लिया। इसका उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने की।

केस-स्टडी प्रतियोगिता में जेसी बोस विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन की टीम ने बाजी मारी। लाइव प्रोजेक्ट में नेहरू कॉलेज की टीम विजेता रही। एड मैड शो में डीएवी सेटेनरी कॉलेज की टीम विजेता रही। टनकोट प्रतियोगिता में जेसी बोस विश्वविद्यालय की टीम विजेता रही।

## प्रतिस्पर्धा

- विभिन्न विश्वविद्यालयों के 150 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया
- प्रोफेशनल स्किल विकसित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन

वहीं, पोस्टर प्रतियोगिता में विश्वकर्मा कौशल विश्व विद्यालय की टीम विजेता रही। इस आयोजन में स्टूडेंट टीम से शेफाली देवगन, सचिन, गिरीश बंसल, हिमांगी, शुभांगी और अंकित ने सहयोग दिया।

इसका उद्देश्य उन छात्रों के लिए एक मंच पर लाना है जो मार्केटिंग के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने में इच्छुक है। इसके माध्यम से विभिन्न प्रकार के मार्केटिंग कंसल्टेंसी प्रोजेक्ट्स, आमंत्रित व्याख्यान और नेटवर्किंग इवेंट इत्यादि पर योजनाबद्ध काम करेंगा। थाइलैंड की वाबाग लिमिटेड के सीईओ और एक अन्य कंपनी के प्रबंध निदेशक अनिल सहरावत विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद थे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, डॉ. अरविंद गुप्ता, विभागाध्यक्षा डॉ. आशुतोष निगम और डॉ. सुरेश बेदी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, अरावली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, डीएवी सेंटेनरी कॉलेज, मानव रचना इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च, अग्रवाल कॉलेज, पं. जवाहर लाल नेहरू कॉलेज और डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट सहित कई संस्थान के छात्रों ने हिस्सा लिया।